PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Business Bhaskar, Faridabad**
**Saturday 8th March 2014, Page: 3**
**Width: 10.09 cms, Height: 12.07 cms, a4, Ref: pmin.2014-03-08.64.37**

# शासुन व सिक्वेंट बनाएंगी पशु उत्पादों के लिए जेवी



**करार**

**73%**

हिस्सेदारी होगी सिक्वेंट की संयुक्त उपक्रम में

**27%**

की हिस्सेदार होगी शासुन फार्मा इस जेवी में

पशुओं के उत्पादों का विकास और बिक्री करेगा जेवी

शासुन की विजाग इकाई बिकेगी जेवी के हाथों

प्रेट्र ▶ नई दिल्ली...

शासुन फार्मास्युटिकल्स ने शुक्रवार को बताया कि कंपनी ने सिक्वेंट साइंटिफिक के साथ एक संयुक्त उपक्रम (जेवी) गठन से संबंधित करार किया है।यह जेवी पशुओं की दवाओं का विकास और वैश्विक बाजार में उनकी बिक्री का काम करेगा। बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) को दी एक जानकारी में शासुन फार्मास्युटिकल्स ने कहा कि उसने सिक्वेंट के साथ एक जेवी के लिए करार किया है।इस जेवी के जरिए पशुओं के उत्पादों का विकास और ग्लोबल मार्केट में उनकी बिक्री की जाएगी। इन उत्पादों में एक्टिव फार्मास्युटिकल इनग्रेडिएंट्स (एपीआई) और फॉर्मुलेशंस शामिल हैं।

दोनों कंपनियों ने पिछले वर्ष ही जेवी के लिए एक लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) पर हस्ताक्षर किए थे।अपने बयान में शासुन ने कहा कि जेवी एग्रीमेंट के तहत कंपनी ने अपनी विजाग इकाई संयुक्त उपक्रम कंपनी के हाथों बेचने संबंधी करार भी किया है। इस जेवी में सिक्वेंट की 73 फीसदी हिस्सेदारी होगी। वहीं शासुन फार्मा इसकी 27 फीसदी हिस्सेदार होगी।कंपनी के मुताबिक जेवी अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2014) में परिचालन में आ जाएगा।